हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 मार्च 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

11 श्री कृष्ण-रूक्मणि विवाह प्रसंग में झूमे श्रद्धालु, शादी की पूरी रस्म ...



12 जिला अस्पताल में एचपीवी टीकाकरण अभियान का ...



## विवेकानंद कॉलोनी के खाली प्लॉट में रखे सिंचाई पाइप में भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विवेकानंद कालोनी के एक खाली प्लॉट में रखे सिंचाई पाइप में अचानक भीषण आग लग गई। आग की तेज लपटों और धुएं से आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

शहर के रत्नाबांधा रोड स्थित विवेकानंद गली नंबर 3 स्थित एक खाली प्लॉट में रखे सिंचाई पाइप में अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और प्लॉट में रखे बड़ी संख्या में पाइप आग की लपटों में घिर गए। आग की ऊंची लपटें और घना धुआं उठता देख आसपास के लोग घबरा गए। घटना स्थल के आसपास कई लोगों के मकान हैं, जिसके कारण आग फैलने की आशंका से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद कुछ ही समय में आग पर नियंत्रण पा लिया। समय रहते आग बुझा लिए जाने से आसपास के घरों तक आग फैलने से रोक लिया गया और एक बड़ा हादसा टल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के दौरान इलाके में दहशत मच गई। लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए। ▶▶ शेष पेज 10 पर

**दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया**





## खबर संक्षेप

### नल-जल ऑपरेटर संघ की बैठक आज

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत नल-जल ऑपरेटर संघ की जिला स्तरीय बैठक आज 17 मार्च मंगलवार को रूद्रेश्वर महादेव घाट रूद्री में 11 बजे रखी गई है। संघ के कुरूद ब्लॉक अध्यक्ष योगेश सेन एवं मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने बताया कि बैठक में संघ के विस्तार हेतु जिला पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा। बैठक में जिले के सभी नल-जल ऑपरेटरों से उपस्थित होने की अपील की गई है।

### वॉक इन इंटरव्यू चलेगा 28 से 30 मार्च तक

**धमतरी।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू 28 से 30 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि वॉक-इन-इंटरव्यू के संबंध में पूरी जानकारी जिले की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है। आवेदक वेबसाईट धमतरी डाट जीओवी डाट इन में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### पेंशनरों का धरना प्रदर्शन 20 को

**नगरी।** पेंशनरों का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 20 मार्च शुक्रवार को दोपहर 1 बजे रावणभाटा मैदान में किया जाएगा। शाम 4 बजे अपनी मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जायेगा। यह जानकारी अध्यक्ष आरएल देव तहसील कार्यालय शाखा नगरी ने दी।

### अवैध प्लाटिंग को रोकने जिला स्तर पर समिति गठित

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा जिले में अवैध प्लाटिंग को रोकने के लिए जिला स्तर पर समिति का गठन किया गया है। जिला स्तर पर अवैध प्लाटिंग पर समुचित कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर श्री मिश्रा अध्यक्ष होंगे। पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर, आयुक्त नगर निगम, सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सहायक संचालक नगर एवं ग्राम निवेश तथा सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समिति के सदस्य होंगे।

### आवेदन 31 मार्च तक मंगाए गए

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण के तहत ग्राम रूद्री स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-02 (पुलिस लाईन रूद्री) में पालना घर का संचालन किया जाना है। इसके लिए पालना घर कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती हेतु 31 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

भरमार बंदूक, तीर कमान, फंदा, कच्चा मांस के साथ पकड़े गए शिकारी

## उड़नगिलहरी, कोटरी का शिकार करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दुर्लभ प्रजाति की उड़न गिलहरी तथा कोटरी का शिकार करने वाले ओडिशा के पांच शिकारियों को यूएसटीआर की एंटी पोंचिंग टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों के पास से भरमार बंदूक, तीर कमान, फंदा, वन्यप्राणी का कच्चा मांस जब्त किया गया है। शिकार के मामले में पांच आरोपी फरार हैं जिसकी तलाश वन विभाग की टीम कर रही है।

वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व अंतर्गत परिक्षेत्र इंद्रागांव/घुरवागुड़ी बफर क्षेत्र के पीपलखूंटा बीट क्रमांक 1204 में अवैध शिकार की सूचना पर एंटी पोंचिंग की टीम ने दबिश दी। मौके पर ओडिशा प्रांत के चमरू कमार, मनीराम पारधी, गुडडू कमार, लखमू पारधी ग्राम अछला थाना रायघर जिला नवरंगपुर को वन्यप्राणी कोटरी का अवैध शिकार करने के अपराध में इनके खिलाफ पीओआर दर्ज किया गया। न्यायालीन आदेश पर 14 दिनों की रिमांड पर आरोपियों को गरियाबंद जेल दाखिल किया गया है।

उक्त कार्रवाई में सहायक संचालक उदंती मैनपुर गोपाल सिंह, परिक्षेत्र अधिकारी सुशीलकुमार सागर, वन परिक्षेत्र अधिकारी चंद्रबाली, वनपाल भूपेंद्रकुमार सोनी, सुश्री जयललिता ध्रुव, सुश्री पामेश्वरी, वीरेंद्रकुमार ध्रुव, टकेश्वर देवांगन, रूस्तम यादव, देवीसिंग यादव सहित वन कर्मचारियों का प्रमुख योगदान रहा। इस अभियान का संचालन वन विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में किया गया।



### भरमार बंदूक के साथ आरोपी पकड़ाया



यूएसटीआर के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान उनकी निशानदेही पर ग्राम कोलिहाडबरी/ओडिशा के हीरासिंग पिता कांदरू कमार को एक नग भरमार बंदूक के साथ पकड़ा गया है। वहीं फरार आरोपी गुडडू के घर से कोटरी का कच्चा मांस जब्त किया गया है। उक्त शिकार प्रकरण में 5 अन्य व्यक्ति फरार हैं। फरार आरोपियों की पतासाजी जारी है। श्री जैन ने बताया कि गुलेल से उड़न गिलहरी तथा तीर धनुष से कोटरी का शिकार किया गया है। भरमार बंदूक के साथ गिरफ्तार हीरासिंग ओडिशा का प्लांटेशन चौकीदार है। उपनिदेशक ने शिकारियों एवं तस्करों से कहा है कि टाइगर रिजर्व क्षेत्र से 50 मिमी दूर रहे। एंटी पोंचिंग टीम ने नुआपाडा, नवरंगपुर, कालाहांडी, बालांगीर, रायगढ़ जिले में कार्रवाई की है।

## तीन प्रतिष्ठानों में घरेलू सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग, हुई कार्रवाई

- बस स्टैंड परिसर में राजस्व, पुलिस और खाद्य विभाग की टीम ने जांच अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर शहर के बस स्टैंड परिसर में राजस्व, पुलिस और खाद्य विभाग की टीम ने बीती रात्रि संयुक्त जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर का उपयोग करते पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

खाद्य अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान टीम ने विभिन्न दुकानों एवं भोजनालयों की जांच की। इस मौके पर आरएस रेस्टोरेंट एंड डेली नीड्स से एक नग एचपी गैस सिलेंडर, एक चूल्हा, पाइप और रेगुलेटर जब्त किया गया। भगवती बीकानेर से एक नग बीपी गैस बर्नर, पाइप और रेगुलेटर जब्त किया गया। इसके अलावा कमल भोजनालय से दो नग एचपी गैस सिलेंडर, डबल बर्नर, पाइप और रेगुलेटर जब्त किए गए। बताया गया कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर का उपयोग केवल घरेलू प्रयोजन के लिए ही किया जा सकता है। वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में इसका उपयोग नियमों के विरुद्ध है। ऐसे मामलों में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाती है। आगे भी इस तरह की संयुक्त जांच कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।




### बिच्छू के डंक से मासूम की मौत

**धमतरी।** मेहमान आया बालक आंगन में खेल रहा था। इसी दौरान बिच्छू ने उसे डंक मार दिया। इस घटना में बच्चे की मौत हो गई । अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार बालोद जिले के ग्राम बघमरा थाना सनौद निवासी छगेश्वर साहू का 3 वर्षीय पुत्र शिवांश साहू अपने परिजनों के साथ रिश्तेदार योगेश्वर साहू ग्राम लोहरसी थाना अर्जुनी निवासी के यहां मेहमान बनकर आया था। रविवार को शिवांश आंगन में खेल रहा था। इसी दौरान बिच्छू ने उसके बायें पैर को डंक मार दिया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। इलाज के बाद परिजन बच्चे को वापस घर ग्राम बघमरा ले गए। घर पहुंचने के बाद सोमवार की सुबह अचानक बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी। उसकी नाक से झाग निकलने लगा। परिजन बच्चे को लेकर तत्काल मसीही अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया।



- लोहरसी की घटना

### बोहारभाजी के पेड़ से गिरकर युवक की मौत

**धमतरी।** बोहारभाजी तोड़ते समय युवक अचानक पेड़ से नीचे गिर गया। इस घटना में युवक की मौत हो गई । मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम अमेठी निवासी कमलेश विश्वकर्मा पिता दौलतराम उम्र 40 वर्ष सोमवार की सुबह बोहारभाजी तोड़ने पेड़ पर चढ़ा था। युवक ऊंचाई पर चढ़कर बोहारभाजी तोड़ रहा था। इसी दौरान युवक पेड़ पर अपना संतुलन नहीं बना पाया। युवक अनियंत्रित होकर पेड़ की ऊंची डाली से सीधे जमीन पर गिर गया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजनों ने उपचार के लिए श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान सोमवार की दोपहर घायल युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



शासकीय योजना के तहत पूर्व सैनिकों को जमीन देने का है प्रावधान

## फौजी को जमीन आवंटन के पक्ष में उतरे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

थल सेना के पूर्व फौजी कमलेश साहू को शासकीय योजना के तहत जमीन देने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि गत दिनों चिंवरी सरपंच ने गांव में रिक्तभूमि नहीं होने का हवाला देकर फौजी को जमीन देने पर कलेक्टर से आपत्ति की थी।

सोमवार को ग्राम पंचायत चिंवरी के दर्जनों ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात कर कहा है कि कमलेश कुमार साहू ग्राम चिंवरी तहसील कुरूद के मूल निवासी हैं। वह भारतीय थल सेना के भूतपूर्व सैनिक हैं। उन्होंने भारतीय थलसेना में 17 वर्ष की सेवा निष्ठापूर्वक की है। पूर्व सैनिक ने शासन की योजनांतर्गत ग्राम चिंवरी पटवारी हल्का नंबर 28 खसरा नंबर 904 में 4 एकड़ एवं खसरा नंबर 900 में 50 डिसमिल भूमि की मांग की है। उक्त दोनों जमीन का चिन्हांकन कर कलेक्टर धमतरी को आवेदन दिया है।

ग्रामीण नरेंद्र सेन, प्यारेलाल, डाकेश, गणेश, श्रवण, राधेश्याम, रामलाल साहू, देवनाथ तारक, विनोद सेन, छम्मनलाल, संतसेवक साहू, छबिलाल, हेमंतकुमार ने कहा है कि शासन की योजनांतर्गत भूतपूर्व सैनिकों को भूमि आवंटन का प्रावधान है। ग्रामीणों ने पूर्व फौजी को भूमि आवंटन की सहमति देते हुए मांगी गई जमीन पर कोई आपत्ति नहीं होने की जानकारी कलेक्टर को दी है। कलेक्टर ने ग्रामीणों एवं पूर्व सैनिक को जमीन दिलाने का आश्वासन दिया है।

पूर्व सैनिक कमलेश साहू पिता स्व. घनश्याम साहू ने बताया कि उनके द्वारा चिन्हांकित शासकीय भूमि को सरपंच द्वारा स्कूल और चारागाह के लिए आरक्षित होना बताया जा रहा है। ऐसा कोई प्रस्ताव पूर्व में नहीं है। ग्राम चिंवरी के आसपास एक दो किमी पर 4 हाईस्कूल है इसलिए वहां हाईस्कूल भवन बनाया जाना संभव नहीं है। बल्कि सरपंच ने डोंगरिया तालाब के पास शासकीय भूमि खसरा नंबर 196 रकबा 0.66 हेक्टेयर भूमि में से 20 डिसमिल जमीन पर अवैध कब्जा कर पक्का मकान बनाया है। तहसीलदार की जांच में अवैध कब्जा पाया गया है।

कमलेश साहू ने कलेक्टर से गांव में रिक्त शासकीय भूमि को शासन की योजनांतर्गत आवंटन करने तथा आपत्ति को खारिज करने की मांग की है।





## खबर संक्षेप

### सेन्हाभाटा में आज रामायण सम्मेलन का समापन

**मगरलोड।** ग्राम सेन्हाभाटा में 14 से 17 मार्च तक संगीतमय रामायण सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। क्षेत्र की ख्यातिप्राप्त मानस मंडली भगवान राम के जीवन चरित्र की गुणगान कर रही है। 17 मार्च को रामायण सम्मेलन का समापन होगा। 14 मार्च को कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रभात राव मेघावाले प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य, विनीत बाफना अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, पूर्व सरपंच शंकर साहू, पंच यक्ष कुमार ने किया। समापन आज होगा। मुख्य अतिथि वीरेंद्र साहू जनपद अध्यक्ष होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य मीना साहू करेंगी। विशेष अतिथि यमुना साहू जनपद सदस्य, मनीष गजेंद्र सरपंच, उपसरपंच छत्रपाल साहू, पूर्व सरपंच शंकरलाल साहू होंगे।

### लाइवलीहुड कॉलेज में महारोजगार मेला 20 को

**धमतरी।** जिले के विभिन्न व्यवसायिक केन्द्रों, युवा कार्यक्रमों एवं विभिन्न सेक्टरों में कौशल प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध के लिए 20 मार्च को लाइवलीहुड कॉलेज धमतरी में महारोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर आयोजित इस मेले में विभिन्न सेक्टरों से लगभग 30 नियोक्ताओं को आमंत्रित किया गया है। सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज ने बताया कि जिले के विभिन्न व्यावसायिक केंद्रों, युवा कार्यक्रमों तथा कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में आईटी, कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, हार्डवेयर, सुरक्षा गार्ड, रिटेल, ऑटोमोटिव सहित विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां शामिल होंगी। रोजगार मेला में कंप्यूटर ऑपरेटर, सॉफ्टवेयर डिजाइनर, इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर हार्डवेयर रिपेयर, प्लंबर, सेल्समेन, सुरक्षा गार्ड और टैक्सी ड्राइवर जैसे पदों के लिए लगभग 400 युवाओं के नियोजन का लक्ष्य रखा गया है।

## निधन

### जवाहर देवांगन

**धमतरी।** भाजपा सोरिद के बूथ अध्यक्ष संजय (सन्नी) देवांगन के पिता जवाहर देवांगन का स्वर्गवास



16 मार्च को हुआ। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान सोरिद वार्ड से मुक्तिधाम सोरिद के लिए निकली। वे नूतन हाईस्कूल के व्याख्याता बसंत देवगन के बड़े भाई थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### कॉलोनी के खाली प्लॉट में रखे सिंचाई पाइप में...

इस घटना में प्लॉट में रखे कई सिंचाई पाइप पूरी तरह जलकर खाक हो गए हैं। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पाइप किसके थे और आग से कितने रुपए का नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने के कारणों का भी पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

छत्तीसगढ़ समक्ष- श्रीमान कार्यपालक दण्डाधिकारी महोदय/अनुविभागीय अधिकारी, कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.)

**// शपथ पत्र //**

मैं ब्रम्हचारी बलराम महाराज (BRAHMACHARI BALRAM MAHARAJ) पिता माखन लाल चन्द्राकर (MAKHAN LAL CHANDRAKAR), निवासी-ग्राम अछोटी, तहसील कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) एतद् द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूं, तथा निम्नानुसार घोषित करता हूं :

1. यह कि, मैं ग्राम अछोटी, तहसील कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि, मेरा पुराना नाम ब्रम्हचारी बलराम महाराज (BRAHMACHARI BALRAM MAHARAJ) और मैं अपना नाम बदलकर बालाराम चन्द्राकर (BALARAM CHANDRAKAR) करवाना चाहता हूं।
3. यह कि, मेरे पुराने नाम ब्रम्हचारी बलराम महाराज (BRAHMACHARI BALRAM MAHARAJ) से किसी भी न्यायालय में प्रकरण लंबित नही है, और न ही किसी बैंक मे ऋण की राशि शेष है।
4. यह कि, मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं, तो उसके लिए पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
5. यह कि, मैं पूरे होशोहवास मे रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं। तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

**-: सत्यापन :-**

मै शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि, मेरे द्वारा प्रस्तुत शपथपत्र सत्य व सही है, जिसे मैने पढकर, समझकर, हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।

स्थानः- कुरूद
दिनांक 14/03/2026

बालाराम
सत्यापनकर्ता





### रसोई गैस के बढ़ते दाम को लेकर महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

# चूल्हे में लकड़ी से जलाई आग, चाय बना कर किया महंगाई का विरोध

**हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी**

घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी, बढ़ती महंगाई के विरोध में जिला महिला कांग्रेस ने सोमवार को गांधी चौक में केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस ने केंद्र सरकार के फैसले को जनविरोधी नीति बताया और बढ़े हुए गैस सिलेंडर के दाम को तत्काल वापस करने की मांग की।

महिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष अंबिका सिन्हा ने बताया कि चुनाव से पहले मोदी सरकार ने 500 रुपए में सिलेंडर देने की बात कही थी लेकिन सत्ता में आने के बाद जनता को धोखा दे रही है। आज सिलेंडर की कीमत 1000 रुपए पहुंच चुकी। देश अभी गैस सिलेंडर की कमी के संकट के दौर से गुजर रहा है । इस संकट के समय में देश के प्रधानमत्री कहां हैं। यह देश की जनता जानना चाहती है।

महिला कांग्रेस पार्षद सुमन मेश्राम ने कहा कि मंहगाई को मुद्दा बनाकर भाजपा केंद्र में आई है। अब लोगों को लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाने पर मजबूर किया जा रहा है । मोदी सरकार ने आम जनता को गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लगा दिया है। धरना स्थल पर महिलाओं ने चूल्हे में चाय बनाकर मोदी सरकार के अच्छे दिन के सपने को उजागर किया । मौके पर पूर्व विधायक लेखराम साहू, मोहन लालवानी, सूर्यप्रभा चेटियार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश शर्मा, गौतम वाधवानी, आकाश गोलछा, दीपक सोनकर, विशु देवांगन, वातांजलि गोस्वामी, पार्षद उमा भागी ध्रुव, हिना ध्रुव, सबीना अंजुम, गणेश्वरी कामड़े , सौम्या, गुड्डा दीवान, अविनाश मराठो सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

## कोर्रा क्षेत्र के गांवों में भक्त माता कर्मा जयंती की रही धूम

■ समाज के प्रतिभावान और दानदाताओं को किया गया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)**





कोर्रा क्षेत्र के ग्राम गुजरा, रींवागहन, डोमा, कोसमर्रा, दर्रीपार, कुरमातराई, रांवा, कोर्रा भखारा क्षेत्र के अनेक गांवों में भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। समाज भवन प्रांगण में ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष राकेश साहू एवं पदाधिकारी द्वारा भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महिला प्रकोष्ठ द्वारा कलश यात्रा निकालकर पूरे गांव का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती फागेश्वरी साहू जनपद सदस्य, दुर्गेश्वरी साहू सरपंच, अमरदीप साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, गोविंद साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, योगेश्वर उपाध्याय, सुनील तिवारी सचिव तहसील ब्राह्मण समाज भखारा, झुमुक सेन, रामानंद कुंजाम वित्त अधिकारी रायपुर, नंदलाल साहू ग्राम पटेल, रेखराम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, विशाल साहू, राजाराम साहू, कुंजीलाल साहू, गुहलेद साहू, पलटन साहू, मुकुंद साहू, आश्वराम साहू, ईश्वर राम साहू थे। इस दौरान जसवंत साहू ने अपने पिता स्व. फूलसिंह साहू की स्मृति में ग्रामीण साहू समाज गुजरा को 51 नग कुर्सी दान की। स्व. मंशाराम साहू की स्मृति में पुत्र उत्तम साहू द्वारा गोदरेज दान किया गया। धरम साहू, भूषण साहू, गौकरण साहू ,खिलावन साहू, राजाराम साहू, खिलेश्वर साहू, शत्रुघ्न साहू नयापारा, हेमंत साहू, गोपेंद्र दावना द्वारा साहू समाज को नौ नग पंखा दान किया गया। इन दानदाताओं को प्रतीक चिन्ह और श्रीफल देकर सम्मान किया गय। साहू समाज गुजरा के प्रतिभावान विद्यार्थी योगेश्वर्या पिता अमरदीप साहू को प्रतीक चिन्ह एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। भक्त माता कर्मा का विग्रह देने वाले ईश्वर साहू को भी सम्मानित किया गया। समाज के उत्थान एवं विकास के लिए अमूल्य योगदान देने वाले महिला एवं पुरुषों को श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

## मां कर्मा की उतारी आरती, खिचड़ी बांटी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव**

ग्राम बिरेझर में कर्मा जयंती मनाई गई। इस कार्यकम के मुख्य अतिथि तहसील साहू समाज के अध्यक्ष कृष्णकांत साहू व विशिष्ट अतिथि परिक्षेत्र साहू समाज दरबा के अध्यक्ष रामचंद्र साहू थे। अध्यक्षता ग्रामीण साहू समाज बिरेझर के अध्यक्ष भादू राम साहू ने की। सर्वप्रथम माता कर्मा की आरती उतारी गई। फिर एक रथ में माता कर्मा के चित्र को स्थापित कर बस्ती में भ्रमण कराया गया। यज्ञ हवन का कार्यक्रम हुआ। फिर महाआरती हुई। माता कर्मा की खिचड़ी वितरित की गई। रात्रि में साल्हेटोला (चारामा) का नाचा कार्यक्रम हुआ।

मौके पर जिला महामंत्री हरिशंकर साहू, तेजनराम साहू, मालकराम साहू, संतराम साहू, श्रीमती नेहा साहू सरपंच बिरेझर, उपसरपंच झालेंद्र साहू, जीवनलाल साहू, डॉ उदय राम साह सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अंचल के सुप्रसिद्ध कवि निरंजन साहू ने किया।

## अमलीडीह में मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती

■ महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर निकाली शोभायात्रा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)**





ग्रामीण साहू समाज अमलीडीह द्वारा शिरोमणि भक्त माता कर्मा की 1010 वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र साहू परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष कोर्रा थे। अध्यक्षता घनश्याम साहू शिक्षक ने की। विशिष्ट अतिथि नीलमणि साहू, नेमीन, माधव साहू, सरपंच टाटेश्वर साहू, उपसरपंच शिवदयाल साहू थे। भक्त माता कर्मा की प्रतिमा की विधि-विधान से पूजा अर्चना एवं आरती की गई। ग्रामीण साहू समाज के तत्वाधान में भव्य कलशयात्रा निकाली गई। महिलाएं पीले रंग के वस्त्र एवं पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति भाव के साथ चल रही थी। वहीं बच्चों ने हाथों में झंडा लहराते जय माता कर्मा के जयकारे लगाए। शोभायात्रा साहू सामुदायिक भवन से प्रारंभ होकर पूरे गांव का भ्रमण कर पुनः साहू समाज पहुंची। यहां भक्त कर्मा माता की प्रतिमा की समाजजनों द्वारा पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। इस अवसर पर साहू समाज अध्यक्ष छन्नूराम साहू, संरक्षक भुनू राम साहू, सचिव संतोष साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत

■ साहू समाज ने मनाई कर्मा जयंती प्रतिभाओं का किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)**



नगर साहू समाज भखारा द्वारा इस वर्ष भी संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत माता कर्मा की विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद नगर की गलियों में कलश यात्रा निकली गई । बाजे- गाजे और पटाखों के साथ श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ पांडे सिरदार चौक, महावीर चौक अटल चौक नया बस स्टैंड मुख्य मार्ग में भ्रमण करते हुए वापस कर्मा भवन पहुंचे ।

मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पूर्व अध्यक्ष भरत नाहर, विनोद साहू, पुष्पलता देवांगन एवं समस्त पार्षद, समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने उद्बोधन में माता कर्मा के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कहा कि समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है। हमें मिलजुल कर समाज के बच्चों को आगे बढ़ाने और उन्हें बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। जब समाज के लोग आने वाली पीढ़ी को सही दिशा देने का प्रयास करेंगे तभी समाज मजबूत और सफल बनेगा। अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ ने बोर्ड परीक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया। हाईस्कूल स्तर पर प्रथम ऋषभ पिता हरेश साहू, द्वितीय दीपाली पिता जयंत कुमार साहू, तृतीय नोदित्य कुमार पिता मेघराज साहू को प्रोत्साहन राशि, प्रतीक चिन्ह प्रशस्ति पत्र एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। एमबीबीएस में चयन होने पर गरिमा साहू पिता संतोष कुमार साहू, भारतीय सेना में चयन होने पर दानेश्वर पिता रूकेश कुमार साहू का भी सम्मान किया गया।

मौके पर नगर इकाई अध्यक्ष डमेश साहू, उपाध्यक्ष उमेंद साहू, भारती साहू, सचिव शशांक साहू, कोषाध्यक्ष संतोष साहू, नेमी साहू, झम्मन साहू, हेमलता हिरवानी, तीज बाई साहू, सरिता साहू, उर्वशी साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, विनोद साहू, वीरेंद्र कुमार साहू, हेमंत कुमार साहू, अनिल कुमार साहू, भूपेंद्र कुमार साहू, रूपेशकुमार साहू, संतलाल साहू समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रूपेश कुमार साहू, चेतन साहू व आभार व्यक्त डमेश साहू ने किया।

## मां कर्मा त्याग, सेवा और समाज के उत्थान कीं प्रतीक

■ डांडेसरा में मनाई गई 1010वीं जयंती समाज की सुख-समृद्धि मांगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)**



ग्रामीण साहू समाज ग्राम डांडेसरा परिक्षेत्र बानगर द्वारा साहू समाज की कुलदेवी भक्त माता कर्मा की 1010 वीं जयंती साहू सामाजिक भवन में श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकजुटता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ साहू समाज की बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा ग्राम के भाठापारा शिव मंदिर से बस्तीपारा साहू भवन तक कलशयात्रा निकाल कर किया गया। भवन में माता कर्मा की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की गई। समाज की सुख-समृद्धि, उन्नति और भाईचारे की कामना की।

मुख्य अतिथि प्रेमचंद साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज बानगर थे। अध्यक्षता महेन्द्र कुमार साहू न्याय प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज संघ कुरूद ने की। विशिष्ट अतिथि मनोज साहू महासचिव अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ धमतरी, दीपेश साहू सचिव परिक्षेत्र साहू समाज बानगर, हरिशंकर साहू संरक्षक ग्रामीण साहू समाज डांडेसरा, खुमेश्वरी साहू सरपंच, मोहिनी साहू महिला उपाध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज डांडेसरा, लक्ष्मण साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति डांडेसरा थे। वक्ताओं ने कहा कि माता कर्मा त्याग, सेवा और समाज के उत्थान की प्रतीक हैं और उनके आदर्श आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं। शाम को जय बजरंग मानस मंडली ग्राम सेनचुवा की प्रस्तुति हुई।

मौके पर साहू समाज के अध्यक्ष लाकेश साहू, उपाध्यक्ष हरिश साहू, संगठन सचिव पुरूष सतीश साहू, संगठन सचिव महिला संध्या साहू, सचिव शिवकुमार साहू, कोषाध्यक्ष कैलाश साहू, स सचिव निलकंठ साहू, अंकेक्षक महेश साहू, सलाहकार कलीराम साहू, चैनलाल साहू, प्रमुख सलाहकार किरण साहू, मंदिर समिति सदस्य तारेन्द्र साहू, देवेन्द्र साहू, महिला प्रकोष्ठ शीला साहू, समाज सेवक गोविंद साहू, मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू, प्रभूराम साहू, जगमोहन साहू, शेषनारायण साहू, अनुप साहू, अमरसिंग साहू, दिनेश साहू, जगत साहू, चन्द्रकुमार साहू, ईश्वर साहू, युवराज साहू थे।

## छात्रों के साथ शिक्षकों ने खीर-पूड़ी का लुत्फ उठाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)**

■ डांडेसरा में हुआ न्योता भोज का आयोजन



छत्तीसगढ़ के स्कूलों में संचालित की जा रही प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना में समुदाय की भागीदारी से अनूठा नवाचार न्योता भोज लोगों को काफी पसंद आ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शुरू किए गए न्योता भोज के कार्यक्रम से लोग लगातार जुड़ते जा रहे हैं।

इसी कड़ी में ग्राम पंचायत डांडेसरा की उपसरपंच दामिनी चन्द्राकर द्वारा अपने पुत्र यशस्व चंद्राकर के जन्मदिन के अवसर पर शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शाला एवं तीनों आंगनबाड़ी केन्द्र डांडेसरा में न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टॉफ को खीर-पूड़ी परोसी गई।

इस अवसर पर सरपंच खुमेश्वरी साहू, पीएसजी कर्मचारी टिकेश्वर साहू, अंगद चन्द्राकर, शाला के प्रधान पाठक राजेश साहू, उर्वशी चन्द्राकार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरस्वती लहरे, तीजन साहू, नीतू जोशी, शिक्षक सूर्यकांत साहू, बृजभूषण बंजारे, हेमलता कंवर, खेमिन साहू, ऋचा शर्मा, शहनाज़ बानो, संतोषी कंवर, सहायिका दीक्षा सोनवानी, हेमलता कंवर, दामिनी जांगड़े, धनेश्वरी यादव उपस्थित थे।

### ग्राम मड़ेली में हुई महापंचायत, कई मामलों का किया गया निपटारा

# होली में अनुशासन भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव**

ग्राम मड़ेली में रविवार को गांव की शांति और व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से महापंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में होली के दौरान अनुशासन भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।

गाली-गलौज और शराब बिक्री पर जुर्माना महापंचायत में सार्वजनिक स्थानों पर गाली-गलौज करने वाले दो लोगों तथा अवैध रूप से शराब बेचने वाले पांच लोगों पर आर्थिक जुर्माना लगाया गया। पंचायत ने कहा कि गांव में इस प्रकार की गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। होली के दौरान म्यूजिक और डांस के बीच पटाखे फोड़े जाने से कुछ बच्चों के माथे पर चोट लगने की घटना पर पंचायत ने कड़ी नाराजगी जताई और जिम्मेदार लोगों पर दंडात्मक कार्रवाई की। किसान के खेत से चना चोरी करने वालों से आर्थिक जुर्माना वसूला गया। वहीं एक किसान द्वारा अपने



खेत में लगाई गई आग दूसरे किसान के पैरावट तक पहुंचने से नुकसान हुआ, जिस पर पंचायत ने जिम्मेदार किसान से पीड़ित को उचित मुआवजा दिलाने का निर्णय लिया। कुछ किराना दुकानों में नशीली दवाइयों की बिक्री का मामला सामने आने पर संबंधित व्यापारियों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की गई। इसके अलावा पंचायत में कुछ घरेलू पारिवारिक विवादों का भी आपसी सहमति से निपटारा किया गया।

महापंचायत में निर्णय लिया गया कि यदि कोई किसान अपने खेत या मेड़ों में आग लगाकर दूसरे के खेत को नुकसान पहुंचाता है तो उस पर 50 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया जाएगा। इसी तरह गांव में अवैध शराब बेचने या सार्वजनिक स्थानों पर गाली-गलौज और दादागिरी करने वालों पर भी 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

इस महापंचायत में समिति के पदाधिकारी, सर्व समाज के मुखिया, पंच-सरपंच, किसान और बड़ी संख्या में नवयुवक उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## कोषालय में 25 तक जमा किए जा सकेंगे देयक

**कांकेर।** जिले के कोषालय एवं समस्त उप कोषालयों में वर्ष 2025-26 से संबंधित समस्त देयक प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 मार्च निर्धारित की गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए वरिष्ठ कोषालय अधिकारी कांकेर ने बताया कि एसएनए-स्पर्श से संबंधित समस्त भुगतान के लिए देयक स्वीकृति की अंतिम तिथि 30 मार्च निर्धारित की गई है।

## जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला 19 को

**कांकेर।** जलवायु परिवर्तन जागरूकता संबंधी जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन 19 मार्च को पूर्वान्ह 10 बजे से माकड़ी होटल में किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला कांकेर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक राजेश चंदेले के मुख्य आतिथ्य एवं कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपस्थित रहने का अनुरोध वनमंडलाधिकारी कांकेर रौनक गोयल ने किया है।

## नपं कार्यालय में चॉइस सेंटर शुरू नागरिकों को मिलेंगी सुविधाएं



**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में नागरिक सुविधाओं को सुलभ बनाने की दिशा में एक और पहल करते हुए नगर पंचायत कार्यालय परिसर में नए चॉइस सेंटर का विधिवत शुभारंभ किया गया। रविवार 16 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने फीता काटकर सेंटर का उद्घाटन किया। नगर पंचायत कार्यालय में चॉइस सेंटर शुरू होने से अब नगरवासियों को विभिन्न सरकारी सेवाओं के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। एक ही स्थान पर आधार कार्ड से जुड़े कार्य, विवाह पंजीयन, राशन कार्ड समेत अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं का पंजीयन और प्रक्रिया आसानी से पूरी की जा सकेगी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा कि आम नागरिकों को सुविधाजनक और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। चॉइस सेंटर के माध्यम से लोगों का समय और श्रम दोनों बचेगा और उन्हें कई आवश्यक सेवाएं नगर पंचायत कार्यालय में ही उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम में पार्षद राजिंदर रंधावा, नरेंद्र कुलदीप, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समाजसेवी नरोत्तम सिंह चौहान, नरेंद्र शर्मा, कुंदन साहू, सब इंजीनियर हिमांशु कावड़े, राजस्व निरीक्षक नरेंद्र सिंह ठाकुर, सीता चंद्राकर, उर्मिला जसूजा, त्रिलोक चंद चोपड़ा, यशोदा ठाकुर, राजस्व निरीक्षक भुनेश्वर जैन, मनोज जैन, चॉइस सेंटर की डाटा ऑपरेटर संध्या यादव तथा नगर पंचायत के अकाउंटेंट महेंद्र मालेकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कोदापाखा में पारंपरिक वार्षिक मेला आज से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदापाखा में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला पारंपरिक वार्षिक मेला इस वर्ष 17 एवं 18 मार्च को धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। मेले को लेकर ग्रामवासियों और आसपास के क्षेत्र के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इस बार मेले में कई वर्षों बाद आकाश झूला का आगमन हुआ है, जो बच्चों और युवाओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। ग्राम गायता पत्तीराम नरेटी और ग्राम पटेल रामप्रसाद नरेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि कोदापाखा का यह मेला क्षेत्र का प्रमुख और ऐतिहासिक मेला माना जाता है।

### सिवनीकला में रूचिता का श्रीमद् भागवत महापुराण जारी

# श्री कृष्ण-रूक्मणि विवाह प्रसंग में झूमे श्रद्धालु, शादी की पूरी रस्म निभाई गईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



ग्राम सिवनीकला में सागर गौ सेवा केंद्र के समीप धर्मप्रेमी परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण किया जा रहा है। कथावाचक राष्ट्रीय प्रवक्ता रूचिता तिवारी हैं। शनिवार को उन्होंने श्री कृष्ण-रूक्मणि विवाह की कथा सुनाई। कंस वध और गोपी संवाद भी सुनाया। उन्होंने अपनी कथा में बताया कि यह कथा भगवान श्रीकृष्ण और विदर्भ की राजकुमारी रुक्मणि के निश्छल प्रेम और साहसी मिलन की कहानी है। रुक्मणि ने कृष्ण को मन ही मन पति मान लिया था, लेकिन उनका भाई रुक्मी उनका विवाह शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणि के संदेश पर कृष्ण उन्हें द्वारका ले आए। इसके बाद धूमधाम से विवाह किया और वे उनकी पटरानी बनीं। श्री कृष्ण और रूक्मणि विवाह की कथा को झांकी के माध्यम से उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालु शादी की पूरी रस्म का पालन करते हुए खुशियों से झूम उठे।



कथावाचिका रूचिता तिवारी में सुदामा चरित्र की कथा भी सुनाई। जिसे सुन भक्तों की आंख नम हो गई। सुदामा और श्री कृष्ण बचपन के मित्र थे। दोनों ने ऋषि सांदीपनी के गुरुकुल में साथ रहकर शिक्षा प्राप्त की थी। शिक्षा पूरी होने के बाद कृष्ण द्वारका के राजा बने, जबकि सुदामा एक निर्धन ब्राह्मण के रूप में अपना जीवन व्यतीत करने लगे। सुदामा निरंतर भगवान के भजन में लीन रहते थे। लेकिन जब घर में बच्चों के खाने के लिए भी कुछ नहीं बचा तो उनकी पत्नी सुशीला ने उन्हें अपने मित्र कृष्ण से मदद मांगने के लिए द्वारका जाने का सुझाव दिया। सुदामा जब फटे पुराने हाल में द्वारका पहुंचे, तो द्वारपालों ने उन्हें भिखारी समझकर रोक दिया। लेकिन जैसे ही कृष्ण ने अपने मित्र के आने का समाचार सुना, वे नंगे पैर दौड़ते हुए द्वार तक आए। कृष्ण ने सुदामा को गले लगाया और उन्हें अपने सिंहासन पर बैठाया। उन्होंने सुदामा के पैरों की धूल को अपने आंसुओं से धोया। सुदामा शर्म के कारण चावल की पोटली छुपा रहे थे, लेकिन कृष्ण ने उसे छीन लिया। कृष्ण ने जैसे ही चावल की पहली और दूसरी मुट्ठी खाई। उन्होंने सुदामा को दो लोकों का ऐश्वर्य दान कर दिया। सुदामा बिना कुछ मांगे ही वापस लौट आए। जब वे अपनी कुटिया के पास पहुंचे, तो वहां एक भव्य महल खड़ा था। उन्हें समझ आ गया कि उनके मित्र कृष्ण ने बिना कहे ही उनकी सारी दरिद्रता दूर कर दी है। कथा सुनने भारी संख्या में भक्तों की भीड़ रही।

# 160 लोगों ने कराई अपनी आंखों की जांच



- नि:शुल्क नेत्र जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

एक निजी हॉस्पिटल और ब्रह्माकुमारीज दिव्य धाम के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दुर्गा साहू एवं उनकी टीम ने किया।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज धमतरी की संचालिका सरिता दीदी ने कहा कि परमात्मा ने हमें यह अनमोल आंखें इस सुंदर दुनिया को देखने के लिए दी हैं। लोग कहते हैं कि जान है तो जहान है लेकिन मैं कहती हूं आंखें हैं तो जहान है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी आंखों से हमेशा अच्छी और सकारात्मक चीजें ही देखनी चाहिए तथा आंखों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए।

शिविर के दौरान डॉ. दुर्गा साहू ने उपस्थित लोगों की आंखों की जांच की और उन्हें विभिन्न नेत्र रोगों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बाल्यावस्था में होने वाले मोतियाबिंद (पेडियाट्रिक कैटरैक्ट), वयस्क मोतियाबिंद, ग्लूकोमा सहित अन्य नेत्र रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही समय पर जांच और उपचार के महत्व पर भी प्रकाश डाला। शिविर में कुल 160 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया।

# माहेश्वरी समाज के प्रतीक युवा संगठन व प्रीति महिला संगठन अध्यक्ष नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

माहेश्वरी युवा संगठन धमतरी जिला के अध्यक्ष पद पर प्रतीक केला को नियुक्त किया गया है। वहीं ऋषभ भूतड़ा को कुरूद का संगठन मंत्री बनाया गया है। इसी तरह धमतरी जिला माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष के रूप में प्रीति केला को जिम्मेदारी सौंपी गई है तथा रोशनी केला को कुरूद संस्कृति मंत्री बनाया गया है।

नव नियुक्त पदाधिकारियों के कुरूद नगर आगमन पर माहेश्वरी समाज के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। चंडी मंदिर के पास पटाखों की लड़ी और बम फोड़कर तथा फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज कुरूद के अध्यक्ष नवल किशोर केला सहित रमेश केला, अरुण केला, चिरंजी लाल गांधी, गोविंद सददानी, नंद किशोर राठी, विजय केला, हरीश केला, महेश केला, रश्मि केला, गीता केला, चंदा केला, हेमा केला, मनीषा केला, कोमल केला, हनी, शिल्पा केला, वैशाली केला, विमला केला, दीपाली, सीमा राठी, सेजल, सौम्य, प्रियल आदि उपस्थित थे।

# आसामयिक ओलावृष्टि से किसान चिंतित

- आज भी मौसम खराब रहने की संभावना
- आम, चना, सब्जी फसल को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सोमवार की शाम को अंधड़, बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि ने किसानों की नींद उड़ा दी है। आम, चना, सब्जी आदि फसल को आसामयिक बारिश से काफी नुकसान की संभावना है। अचानक बदले मौसम से तापमान में गिरावट आई है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। उत्तर पूर्वी उत्तरप्रदेश से छत्तीसगढ़ होते हुए ओडिशा तक फैली द्रोणिका तथा पश्चिमी विक्षोभ से प्रदेश में गरज-चमक के साथ वज्रपात तथा हल्की बारिश होने की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की थी। सोमवार को सुबह से आसमान पर बादल छाये रहे। शाम होते ही तेज हवाओं के साथ बारिश शुरु हुई। आधे घंटे की बारिश के साथ जमकर बर्फबारी भी हुई। तेज आंधी से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित भी रही। अचानक हुई आंधी बारिश और ओलावृष्टि से आम और चना फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। किसान युवराज शर्मा ने बताया कि उन्होंने आज ही चना फसल की कटाई कराई थी। अचानक हुई बारिश से चना पूरी तरह भीग गया जिससे उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा है। इसी तरह सब्जी में कीटव्याधि तथा आम के फल काफी मात्रा में झड़ गए हैं।



### थम गए वाहनों के पहिए

शाम करीब 6 बजे तूफानी बारिश के साथ बर्फबारी होने से हाईवे सहित सभी रास्तों में वाहनों के पहिए थम गए। मानो रास्ते में सफेद चादर बिछ गई हो। ओला गिरने के बाद बच्चे सड़क और मैदानों में निकल आए और ओले के साथ खेलने लगे।

### निचले इलाकों में भरा पानी

आधे घंटे की बारिश से शहर के कई निचले इलाकों में पानी भर गया। आमापारा रोड, विमल टाकिज से शिवचौक मार्ग में घुटनों तक पानी भरने से कुछ समय के लिए आवागमन बाधित हो गया। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना जताई है। वहीं मंगलवार को प्रदेश के एक दो स्थानों में 30 से 40 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलने व गरज-चमक के साथ वज्रपात तथा हल्की बारिश होने की संभावना है।

# झूलेलाल जयंती पर परीक्षा स्थगित करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपा

ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी ने साई झूलेलाल जयंती के अवसर पर छात्रों की परीक्षा स्थगित करने की मांग की है। कांग्रेस नेताओं गौतम वाधवानी और योगेश शर्मा ने कहा कि 10 अप्रैल 2024 को रायपुर में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था, लेकिन परीक्षा उसी दिन आयोजित कर दी गई। इससे छात्र-छात्राओं में आक्रोश है, क्योंकि वे इस महोत्सव में सम्मिलित नहीं हो पाएंगे। इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें परीक्षा 20 तारीख को स्थगित कर आगे बढ़ाने की मांग की गई है। इस अवसर पर नरेश जसूजा, विक्रांत शर्मा, दिलीप बजाज, पवन वधवानी, आशुतोष खरे सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सोनकर समाज का होली मिलन व सामाजिक सम्मेलन

**धर्मान्तरित परिवार की समाज में हुई वापसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



सोनकर समाज का होली मिलन एवं सामाजिक सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इसमें समाजजनों ने उत्साह से भाग लिया। इस दौरान धर्मान्तरित परिवार की समाज में वापसी हुई।

सोनकर समाज द्वारा सोमवार को सोनकर समाज भवन रामबाग में सामाजिक सम्मेलन व होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम जानकी की पूजा-अर्चना से हुआ। समाजजनों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई व शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ समाजजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। होली मिलन समारोह के पश्चात सामाजिक सम्मेलन शुरू हुआ। इस दौरान धमतरी नगर सोनकर समाज अध्यक्ष व पार्षद संतोष सोनकर ने समाजजनों को विभिन्न जानकारी दी। इस दौरान समाज के सदस्य रहे देवनारायण सोनकर जो 15 वर्ष पहले समाज व हिन्दू धर्म से अलग होकर दूसरे समुदाय में चला गया था, उसने अपने परिवार सहित सामाजिक सम्मेलन में पहुंचकर समाज में वापस आने निवेदन किया। उक्त परिवार ने भगवान राम, जानकी के छायाचित्र पर दीप जला व पूजापाठ कर हिन्दू समाज व सोनकर समाज के रीति रिवाज में चलना स्वीकार किया। समाजजनों ने उनका तिलक लगाकर समाज में स्वीकार कर लिया।

इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश सोनकर पार्षद, कनिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर सोनकर पार्षद, कोषाध्यक्ष प्रीतराम सोनकर, सचिव हेमन्त सोनकर, सहसचिव उमेश सोनकर, पूर्व अध्यक्ष धनीराम सोनकर, नरेश सोनकर, जीवन सोनकर, धनेश सोनकर, धनंजय, बसंत, दिलीप, लखन सोनकर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# सच्ची भक्ति, त्याग, समर्पण की मिसाल हैं मां कर्मा

- कर्मा जयंती पर घटुला परिक्षेत्र में निकली कलशयात्रा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



तहसील साहू समाज नगरी-सिहावा अंतर्गत परिक्षेत्र घठुला में भक्त शिरोमणि एवं साहू समाज की आराध्य देवी भक्त मां कर्मा जयंती श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण और सामाजिक एकता की झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम का शुभारंभ कर्मा सामुदायिक भवन में माता कर्मा की पूजा-अर्चना, खिचड़ी के भोग और आरती के साथ किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांव के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए बस स्टैंड स्थित मुख्य कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। छोटे बाल कलाकारों ने अतिथियों का स्वागत किया तथा माता कर्मा की झांकी के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित कर उन्हें पुरस्कृत किया गया।

अतिथियों ने कहा कि भक्त माता कर्मा एक नाम ही नहीं है बल्कि सच्ची भक्ति, त्याग, समर्पण की जीवित मिसाल हैं। हमें भक्त माता कर्मा के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। समाज और परिवार को संगठित रखने तथा समाज को आगे बढ़ाने के लिए केवल पढ़ाई ही पर्याप्त नहीं होती। पढ़ाई हमें ज्ञान देती है, लेकिन संस्कार हमें सच्चा इंसान बनाते हैं। बच्चे वही सीखते हैं जो वे अपने घर के वातावरण में देखते हैं। यदि घर में प्रेम, सम्मान और अच्छे संस्कार होंगे, तो वही उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बनेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश बैस जिला अध्यक्ष भाजपा जिला धमतरी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंगेश हिरवानी अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज घठुला ने की।

विशिष्ट अतिथि विकल गुप्ता अध्यक्ष कर्णेश्वर मंदिर ट्रस्ट देउरपारा सिहावा, प्रेमलता नागवंशी जनपद सदस्य नगरी, क्षमा साहू जनपद सदस्य नगरी, पन्ना लाल मरकाम जनपद सदस्य, हनीफ अली जनपद सदस्य, भुनेश्वरी साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी, धनीराम साहू पूर्व अध्यक्ष, रिखीराम देवांगन संरक्षक देवांगन समाज सिहावा मंडल, गणेश राम साहू संरक्षक परिक्षेत्रीय साहू समाज घठुला, सरिता ध्रुव सरपंच घठुला, उषादेवी नेताम सरपंच पाईकभाठा, राकेश कुमार नेताम सरपंच, पांवद्वार, वेदराम साहू उपसरपंच घठुला एवं सरिता साहू उपसरपंच पांवद्वार थे। कार्यक्रम में कोमल साहू, कैलाश साहू, दिलीप साहू, कन्हैयालाल साहू, प्रभुराम साहू, जीवन साहू, चुनेश साहू, हीरा सिंह साहू, लोकेश्वर साहू, तीजु राम साहू, भरत साहू, ओमप्रकाश साहू, यंजन साहू, भुनेश्वर साहू, घुरऊ राम साहू का योगदान रहा।

# कर्मा जयंती पर चरोटा में साहू समाज भवन का लोकार्पण

## परखंदा में आयोजित कुंभकार समाज के अधिवेशन में पहुंचे विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



क्षेत्र में भक्त शिरोमणि संत माता कर्मा जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम चरोटा में नवनिर्मित साहू समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुरूद विधायक शामिल हुए। उन्होंने कहा कि समाज भवन सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा तथा समाज को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम में संत माता कर्मा जयंती के अवसर पर साहू समाज द्वारा विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। बीएसएफ, आबकारी विभाग और शिक्षा विभाग सहित अन्य क्षेत्र में चयनित युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक श्री चंद्राकर ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा, संस्कार और संगठन समाज की प्रगति की आधारशिला हैं। इसके पश्चात विधायक ग्राम परखंदा में आयोजित कुंभकार समाज के जिला अधिवेशन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने समाज के वरिष्ठजनों से संवाद करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता, परंपरा और संगठन की शक्ति को मजबूत करते हैं। ग्राम भेंडरवानी में आयोजित भक्ति वाणी रामचरितमानस सम्मेलन में भी वे शामिल हुए। कार्यक्रम में जनपद पंचायत कुरूद की अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, मंडल अध्यक्ष रवि सिन्हा, रामस्वरूप साहू, जनपद सदस्य रेखा शेषनारायण साहू, एवन साहू, भीम साहू, चोवाराम साहू, नन्दकुमार साहू, हरीश चंद्राकर, सरपंच माधुरी साहू सहित कई जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# गीत संगीत के माध्यम से दिया नशामुक्ति का संदेश

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न कल्याणकारी एवं जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में डॉ. मनीषा पांडे उपसंचालक समाज कल्याण विभाग जिला के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र धमतरी की टीम ने ग्राम लोहरसी स्थित हाईस्कूल में नशा मुक्ति एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

केंद्र के विशेष शिक्षक एवं दृष्टिबाधित दिव्यांग कलाकार ओमनलाल सिन्हा तथा सहयोगी मनोज सिन्हा ने गीत-संगीत और व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर हाईस्कूल लोहरसी के प्राचार्य मदनमोहन दास ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और जीवन में सकारात्मक दिशा अपनाने की प्रेरणा देते हैं।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सहायिका के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी के तहत नगर निगम के आमापारा वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-02 में सहायिका के पद पर भर्ती के लिए 30 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायिका पद के लिए 18 से 44 साल तक की कम से कम आठवीं पास उसी वार्ड की आवेदिका आवेदन कर सकते हैं।

### समय बदला अब स्कूल लगेंगे साढ़े सात बजे से

**कांकेर।** जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी स्कूलों के संचालन समय में बदलाव का आदेश जारी किया है। 16 मार्च से शुरू हुई प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए यह निर्णय लिया गया है। अब 17 मार्च से सभी स्कूल सुबह साढ़े 7 बजे से साढ़े 11 बजे तक संचालित होंगे। यह आदेश सभी सरकारी, निजी और अनुदान प्राप्त विद्यालयों पर लागू होगा। हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी की बोर्ड परीक्षाओं तथा मूल्यांकन कार्य के समय में कोई बदलाव नहीं होगा।

### पालकों ने प्रतियोगी परीक्षों की पुस्तकें दान में दी



**चारामा।** सफलता की कहानी में बच्चे, पालक और गुरुजनों का सहयोग एवं मार्गदर्शन के साथ साथ आधारभूत सुविधा भी जरूरी होती है। इस पहल के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रतेसरा के पालक राजेन्द्र सुनीता कांगे और शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार साहू द्वारा बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए प्रतियोगी परीक्षा पुस्तक भेंट किया गया ताकि सभी बच्चे अच्छे से तैयार कर पाएगा। इस तरह के छोटी छोटी पहल से बच्चों में उत्साह रहा और शाला परिवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बैल से टकराया युवक, हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 115 निवासी शिवा शाह पिता नारायणचंद का बैल में टकरा जाने से मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार 15 मार्च को मृतक पीव्ही 55 के पास बैल से टकरा गया। चोट आने कि वजह से अस्पताल लेकर गए। चिकित्सकों ने परीक्षण कर बताया कि उसका मौत हो चुका है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बोलेरो की टक्कर से अधेड़ की हुई मौत

**कांकेर।** विवेचना में पाया गया कि मृतक नरहरपुर थानांतर्गत भैसाकट्टा निवासी 52 वर्षीय राधुराम कुंजाम पिता पतिराम कुंजाम 29 सितंबर को सुबह टहलने निकला था। सुबह करीबन 5 बजे शासकीय लाल कलिन्द कालेज अंतागढ़ के पास पहुचा था कि पीछे से आ रही वाहन क्रमांक सीजी 17 डी 1465 बोलेरो के चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये पीछे से ठोकर मारकर एक्सडेंट कर दिया जिससे राधुराम कुंजाम गंभीर चोट आने से मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 17 डी 1465 बोलेरो के चालक के खिलाफ 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने की पहल, तीन माह चलेगा अभियान

# जिला अस्पताल में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ सोमवार को जिला अस्पताल में चार किशोरियों को वैक्सीन लगाकर किया गया। यह अभियान आगामी तीन माह तक चलेगा।

जिले में किशोरियों को गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। नगर निगम के महापौर रामू रोहरा की मौजूदगी में जिला अस्पताल की ओपीडी में 14 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाकर टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर लाभार्थियों को टीकाकरण प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। महापौर श्री रोहरा के हाथों कु. हर्षिता बघेल और कविता को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण अभियान का शुभारंभ राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 28 फरवरी को किया गया है। यह टीका विशेष रूप से 14 वर्ष की किशोरियों को लगाया जा रहा है, जो महिलाओं में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) से बचाव में प्रभावी है। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण से भविष्य में इस गंभीर बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक ने जानकारी दी कि इस अभियान अंतर्गत जिले में 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अस्पताल सहित विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी 14 वर्ष की बालिकाओं का अनिवार्य रूप से टीकाकरण करवाएं, ताकि भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. टोडर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जेपी दीवान, जिला पैथोलॉजिस्ट एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. आदित्य सिन्हा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रविकिरण शिंदे सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं सहयोगी स्टाफ उपस्थित था।

इस अभियान के माध्यम से जिले में किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए जागरूकता बढ़ाने और समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## सामाजिक संगठन को मजबूती प्रदान करने की जिम्मेदारी हमारी : ओंकार





■ बारना में कर्मा जयंती मनाई गई, कलश यात्रा निकली

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम बारना में तेली कुल की अधिष्ठात्री देवी भक्त माता कर्मा की 1010 वीं जन्म जयंती साहू समाज द्वारा बड़े हर्षोल्लास से मनाई गई। कलश यात्रा निकाली गई जो पूरे गांव का भ्रमण करते हुए साहू समाज सामुदायिक भवन पहुंची जहां महाआरती की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने कहा कि कर्मा जयंती साहू समाज का बड़ा त्योहार है। इस दिन माता, बहन, बेटियां को उपवास रखना चाहिए। साहू समाज सात्विक समाज है। हमें नशापान से दूर रहना चाहिए। हमारा समाज अग्रणी है। सामाजिक संगठन को मजबूती प्रदान करने की हम सबकी जिम्मेदारी है। अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत धमतरी के उपाध्यक्ष केशव साहू ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दें। हमें रोटी बेटी से उपर उठकर रचनात्मक कार्य करना चाहिए। माता कर्मा के त्याग, तपस्या, भक्ति व समर्पण से सीखने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि रूपचंद साहू ने मां कर्मा के इतिहास को बताया। व्यापारी प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमनारायण साहू ने कहा कि आज नौकरी के पीछे न जाकर व्यापार एवं खेती से अच्छा लाभ कमा सकते हैं। कार्यक्रम में माखन साहू, हिमेश्वरी साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किये। ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष कलीराम साहू ने आभार व्यक्त किया।

## कर्मा जयंती पर पोटियाडीह में निकली भव्य कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम पोटियाडीह में भक्त माता कर्मा जयंती का पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। महिलाओं और युवाओं की सहभागिता से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा पूरे गांव का भ्रमण करते हुए झिरिया साहू समाज भवन पहुंची, जहां धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम हुए। मुख्य अतिथि सरपंच शिवबती जांगड़े रहीं, जबकि अध्यक्षता सेवानिवृत्त व्याख्याता केपी साहू ने की। विशिष्ट अतिथि लक्ष्मीनारायण साहू (पूर्व उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ), डीआर साहू (अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ), अनिल तिवारी (पूर्व जनपद सदस्य), राजीवगिरी गोस्वामी (उपसरपंच पोटियाडीह) थे।

इस अवसर पर शिशुपाल जांगड़े (अध्यक्ष, ग्राम विकास समिति), दीप्ति साहू (महिला साहू समाज उपाध्यक्ष), सुरेखा साहू (जिला कार्यकारिणी सदस्य), संगीता साहू और तेजप्रताप साहू (पंच) सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन ऋतु कुमार साहू तथा आभार प्रदर्शन सुदर्शन साहू ने किया। भोजराम साहू ने भक्त माता कर्मा के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित भावपूर्ण कविता पाठ किया।

## टेट की अनिवार्यता पर शिक्षक संगठन एकजुट

■ मांगों को लेकर 4 अप्रैल को राजधानी दिल्ली में बड़ा प्रदर्शन : महोबे



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राजधानी रायपुर में रविवार को संयुक्त शिक्षक संघ सहित प्रदेश के विभिन्न शिक्षक संगठनों की राज्य स्तरीय बैठक रखी गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आरटीई लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों पर किसी भी प्रकार की विभागीय परीक्षा या टेट अनिवार्यता लागू नहीं होगी। उस समय नियुक्ति की शर्तों में टेट का प्रावधान नहीं था, पर बाद में नियम बदलकर परीक्षा की व्यवस्था देना अन्याय पूर्ण है।

बैठक में प्रांताध्यक्ष केदार जैन ने कहा कि शिक्षक इस तरह के किसी भी परीक्षा शामिल नहीं होंगे। वर्षों तक विभाग में नौकरी करने के बाद परीक्षा में टीचर्स को सम्मिलित करना न्यायपूर्ण है। इस सिलसिले में 4 अप्रैल को टेट की अनिवार्यता तथा राज्य सरकार की उदासीन रवैये के विरोध में राजधानी दिल्ली में छत्तीसगढ़ सहित पूरे प्रदेश के शिक्षक जंगी प्रदर्शन करेंगे जिसमें छत्तीसगढ़ के शिक्षक शामिल रहेंगे।

जिलाध्यक्ष अमित महोबे ने बताया कि पूर्व में नियुक्ति के समय टेट की बाध्यता नहीं थी। विज्ञापन में टेट की अनिवार्यता का उल्लेख नहीं था जिसके कारण से किसी भी शिक्षक पर टेट अनिवार्य नहीं किया जाना चाहिए। इस संबंध में शीघ्र ही जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सभी शैक्षिक संगठनों की बैठक कर रणनीति बनाई जाएगी। क्रांति महिला प्रकोष्ठ ममता खालसा ने सभी शिक्षकों और संगठनों से अपील की है कि देशभर के संगठनों के साथ मिलकर टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ प्रदर्शन करना है तथा दिल्ली से लौटने के बाद अप्रैल के दूसरे या तीसरे सप्ताह में छत्तीसगढ़ में भी बड़ा आंदोलन होगा। प्रांतीय शासन हरीश सिन्हा ने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन और व्यापक होगा। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष देवेश साहू, रमेश देवांगन, निष्ठा तिवारी, अजय पांडेय, वसंती देवांगन सहित 12 से अधिक शिक्षक संगठन के प्रतिनिधि शामिल रहे। यह जानकारी जिला मीडिया एवं आईटी सेल प्रभारी दीपक सहारे ने दी।

## परसुली में मनाई गई कर्मा जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम परसुली में तैलिक साहू समाज द्वारा माता कर्मा की जयंती मनाई गई। पंडित द्वारा पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। गांव में बाजे-गाजे के साथ कलशयात्रा निकाली गई। ग्रामीणों ने चौक-चौराहों पर पूजा कर श्रीफल चढ़ाया। अतिथि सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमेश्वर निषाद, उपसरपंच घनश्याम बांधे, जयलाल लेंजवार, बिष्णुराम साहू साहू समाज अध्यक्ष कुमार साहू थे। समाज द्वारा ग्रामीणों को खिचड़ी का प्रसाद बांटा गया। मौके पर नारायण साहू, अवधराम साहू, दीनाराम साहू, टीकाराम साहू, संतराम साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे। मंच संचालन नरेश कुमार साहू व आभार व्यक्त नीलकंठ साहू ने किया।

## समाज की प्रगति के लिए शिक्षा और एकता जरूरी



■ जुंगेरा में हुआ छत्तीसगढ़ बया समाज का वार्षिक अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ बया समाज का एकदिवसीय वार्षिक अधिवेशन 15 मार्च को जिला बालोद के ग्राम जुंगेरा (पाररास) में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के आराध्य देव भगवान नारायण देव की विधिवत पूजा-अर्चना और सामूहिक स्तुति-गान के साथ किया गया।

अधिवेशन के प्रथम सत्र में प्रांतीय महामंत्री आनन्द स्वरूप बया ने समाज के इतिहास, परंपरा और सामाजिक चेतना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी समाज की प्रगति के लिए शिक्षा, संगठन और एकता आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से समाज के विकास और नेतृत्व में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अगले चरण में समाज की परंपरा के अनुसार विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए परिवारों ने अपने पुत्र-पुत्रियों का परिचय प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में प्रांतीय कोषाध्यक्ष मुकुंद सिंह बया ने वर्षभर के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। प्रांतीय अध्यक्ष रामरतन बया ने समाज की उन्नति के लिए संगठन, अनुशासन और सामूहिक प्रयास पर जोर दिया। प्रांतीय उपाध्यक्ष दुष्यंत बया ने आभार व्यक्त किया।

## नाटक में महिलाओं के संघर्ष और चुनौतियों को दर्शाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित संवेदीकरण और जागरूकता कार्यक्रम में एक ड्रामा प्रस्तुत किया।

महिलाओं के जीवन में आने वाले विभिन्न संघर्षों और चुनौतियों को दर्शाया, साथ ही यह भी बताया कि महिलाएं किस प्रकार इन कठिनाइयों का सामना करते हुए परिवार और समाज के साथ सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास करती हैं। इस नाट्य प्रस्तुति में मीनाक्षी सिन्हा, भारती गुप्ता, आयुषी पन्ना, तुलेश्वरी, कृतिका सिंह, हिमांशी नोटवानी, सोनम सिन्हा, हेमंत, महेन्द्र ने सहभागिता करते हुए अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक रंजना साहू एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## विप्र विद्वत परिषद के बालेंद्र अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विप्र विद्वत परिषद का चुनाव हुआ। सर्वसम्मति से पंडित बालेन्द्र पाण्डेय अध्यक्ष बने।

राजा तिवारी उपाध्यक्ष, महेन्द्र तिवारी सचिव, खेमराज तिवारी कोषाध्यक्ष, राजकुमार तिवारी मीडिया प्रभारी एवं महेश शास्त्री संरक्षक एवं मार्गदर्शक चुने गए।

चुनाव अधिकारी पं. घनश्याम द्विवेदी, पं रामशरण मिश्रा, पं लोकेश उपाध्याय ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

### थुहा में छात्रों को दी विदाई

**बगदेही(धमतरी)।** महाश्वेता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थुहा में कक्षा 8वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। इस अवसर पर श्रीमती टुपेश्वरी साहू ने बच्चों को अच्छी पढ़ाई करने एवं परीक्षा में सफलता प्राप्त करने तथा जीवन में शिष्टाचार व संस्कार को जीवन में अमल करने की शिक्षा दी।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांसप्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

## जिला अधिवक्ता कल्याण समिति की हुई बैठक

**धमतरी।** जिला अधिवक्ता कल्याण समिति की आमसभा में आय-व्यय का ब्योरा पेश किया गया। तत्पश्चात समिति का पुनर्गठन कर नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। अध्यक्ष राकेश कुमार दीवान, उपाध्यक्ष यशवंत कुमार साहू, सचिव सलीमुल्लाह अंसारी, सहसचिव राकेश कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष गेवेंद्र कुमार पटेल मनोनीत किए गए। नवीन कार्यकारिणी आगामी बैठक में 30 प्रतिशत महिला सदस्यों को भी प्रतिनिधित्व प्रदान कर सकेगी। समिति के आजीवन सदस्य व संरक्षक सदस्य कार्यकारिणी के मानद सदस्य रहेंगे। सतीश बोरकर व खिलेंद्र साहू ने समिति की नई सदस्यता ग्रहण की। बैठक में नीरजधर तिवारी, मोहित देवांगन, राकेश दीवान, यशवंत साहू, सलीम अंसारी, गेवेंद्र पटेल, राकेश शर्मा, दानीराम साहू, देवकुमार साहू, सतीश बोरकर, समरभूषण गुप्ता, तल्लीनपुरी गोस्वामी, शंकर देवांगन, सत्यम सोनी, बसंत जैन के अलावा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

डेनियल स्कीन & लेज़र क्लीनिक, धमतरी
LASER HAIR REMOVAL
VITILIGO/WHITE PATCH
LASER MOLE REMOVAL
TATTOO REMOVAL
FUNGAL INFECTION
HAIR TREATMENT
Awarded Best Skin Clinic in Chhattisgarh at Global Icon Award 2023
GLOBAL ICON AWARDS 2023
समस्त चर्म रोगों का ईलाज
चटर्जी अस्पताल, अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी (छ.ग.)
संपर्क सूत्र : 89650-27822 अग्रिम पंजीयन : 077222-96003
-: ओपीडी समय :-
सोमवार से शनिवार
सुबह 11 से शाम 6 बजे तक

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
18 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
यदि आपके पास 2,3,4 या 5 श्रद्धालुओं का छोटा ग्रुप है तो भी आप इन्हें निर्धारित तिथियों में इस ग्रुप के साथ भेज सकते हैं इससे आपकी यात्रा कैंसिल नहीं होगी और आसानी से यात्रा हो सकेगी
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411